JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

जनवरी - फरवरी 2023



## ग्लोबल फेयर अपडेट्स
विचेंसा ओरो और तुसान

## जैमस्टोन व ज्वैलरी की अंतरंगता
अंकुर आनंद

## ट्रेड टॉक
अरुण कोठारी

## दक्षिण की ज्वैलरी स्टार
वसुंधरा डायमंड रूफ हैदराबाद

## समापन कड़ी
"मेरी कहानी मेरी ज़ुबानी"
रजनीकांत शाह

## जानकारी नए जैमस्टोन्स की
कोलंबियन व अफगानिस्तानी (पंजशीर) एमरल्ड्स

## डिज़ाइन स्पीक
इंडस्ट्री का नया टैलेंट


C.I. Bogotá Emerald Mart S.A.S.
Miner and Exporter of Colombian Emeralds.
All qualities, cut and rough.
Av. Jiménez No. 5-43 Of. 801 Bogotá - Colombia
Tels: (571) 342 0966 - 342 0015 - 342 2860
www.bem.com.co - bem@bem.com.co - benny@bem.com.co
BENNY
www.bem.com.co
2021 -5781
MEMBER
Benny Bazalel
+57 310 219 5000
Jonny Bazalel
+57 313 294 0430
Shareholder of:
Empavas Mine in Muzo/Quipama
Calceteros and Buenos Aires Mine in Coscuez

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

**जनवरी - फरवरी 2023** | Volume XXXXI No. 1

Regd. with R.N.I. No. 26126/74

- धर्मकांटा
- जैम बोर्स
- जैम वर्ल्ड
- ज्वैलर्स असोसिएशन शो (JAS) **द प्रीमियम बी2बी शो**
- ज्वैलर्स असोसिएशन जैम स्टोन शो (JAGS)
- जनोपयोगी भवन
- प्याऊ

**संपादक और डिजाइन**
Splashierz Design
+91 77427 25334

**प्रकाशन**
ज्वैलर्स असोसिएशन
जौहरी बाजार, जयपुर 302 003 (भारत)
टे: +91 141 4034112-13
फे : +91 141 2560125
ई: gemworld@jajaipur.com
वेब: www.jajaipur.com

**विज्ञापन, टैरिफ या अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
टे: +91 141 4034112-13
मो: +91 87696 64864 | +91 99502 11331
ई: gemworld@jajaipur.com

डिस्क्लेमर
पत्रिका में विभिन्न लेखों में दिए गए विचार लेखकों के हैं, इनमे किसी भी प्रकार की त्रुटियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर का कोई दायित्व नहीं होगा।




कवर इमेज क्रेडिट:
आयुषी खण्ड़ेलवाल
जैम फाईन क. लि., बैंकाक

## विषय - सूची

**17-22 ग्लोबल फेयर अपडेट्स**

17 विचेंसा ओरो जनवरी
18 ब्लॉगर्स के नज़रिये से
22 तुसान शो





19



20

**23-26 जयपुर कनेक्ट**

23 **आयुषी कसारानेनी** हैदराबाद

25 **अंकुर आनंद** उत्तर प्रदेश



24



25



27


27 **ट्रेंडी अफेयर्स**

**ज्वैलरी डिज़ाइन**
**के नए ट्रेंड्स**

35 **ट्रेड टॉक**

**अरुण कोठारी**
**जयपुर**

40 **इंडस्ट्री के युगपुरुष**

**मेरी कहानी मेरी ज़ुबानी**
**डॉ. रजनीकांत शाह**

43-49 **जानकारी नए जैमस्टोन्स की**

43 **जानिए ओपल को**








45


46 **परिप्रेक्ष्य एवं चुनौतियाँ**
कोलंबियन व अफगानिस्तानी (पंजशीर)
एमरल्ड्स




46

28





35



50


50 **डिज़ाइनर्स कॉलम**

**इंडस्ट्री का नया टैलेंट**
इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़
जैम्स एंड ज्वैलरी, जयपुर

52 **नवीनतम जानकारी**

**जीजेईपीसी शो अपडेट**
आईआईजेएस सिग्नेचर

54 ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर
**सूचना एवं समाचार**

**ज्वैलर्स असोसिएशन की मांग**
**सोने पर सीमा शुल्क हो 4%**

---

**कलरस्टोन के लिए सीतापुरा मे खुलेगा जैम बोर्स**

---

**थाई स्माइल एयरलाइंस से मांगी सहूलियतें**

PRECITONE CO. LTD
COLOUR STONES



www.precitone.com
202-208, Sithikorn Bldg, Room 404, 4th Floor,
Mahesak Soi-2, Bangkok - 10500 (Thailand)
Phone: 0818011295
Email: anu@precitone.com

JEWELLERS
ASSOCIATION
JAIPUR



**द्वारका प्रसाद खण्ड़ेलवाल**
अध्यक्ष, ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर

सभी ज्वैलर्स और ज्वैलर्स असोसिएशन के साथियों को नववर्ष की शुभकामनाएं। नया साल आप सभी के लिए मंगलमय हो और इस साल आपके व्यापार में निरंतर प्रगति हो। साल 2023 में जैमवर्ल्ड का पहला अंक आपके समक्ष है। इस पत्रिका में हम जैम एंड ज्वैलरी से संबंधित जानकारी देते रहते हैं, आगे भी अपडेट्स देते रहेंगे। इस पत्रिका के जरिए हम देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में होने वाली व्यापारिक गतिविधियों की भी जानकारी देते हैं। साथ ही नई पीढ़ी के ज्वैलर्स का इनोवेशन और पुरानी पीढ़ी के ज्वैलर साथियों का अनुभव भी साँझा करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।



**नीरज लुणावत**
सचिव, ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर
संयोजक, जैम वर्ल्ड पत्रिका

वर्ष 2023 की भरपूर शुभकामनाओं के साथ आप सभी का अभिनंदन। जैमवर्ल्ड के जरिए हम आप सभी को अपडेट रखने की कोशिश करते हैं, बात चाहे ज्वैलरी-जैमस्टोंस शो की हो, किसी स्टोन विशेष के बारे में हो या फिर किसी भी सुविख्यात व्यवसायी से साक्षात्कार की, हम सतत् कुछ नया बताते हैं। यह मैगजीन आपकी है अतः हम आपसे अपेक्षा रखते है की किसी भी प्रकार की नई जानकारी एवं सूचनाएँ आप हमारे साथ साँझा करें, जिससे सभी सदस्यों को इसका लाभ मिल सके। इसके साथ ही एक निवेदन और है कि मैगजीन आपके सामने प्रस्तुत है, इसमें और क्या समाहित करें यह अवश्य बताएँ।
आप सभी का आभार।

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# जैम वर्ल्ड 2022-24

## सलाहकार मंडल



**डी.पी. खण्ड़ेलवाल**
अध्यक्ष



**आलोक सौंखिया**
उपाध्यक्ष



**नीरज लुणावत**
मानद् मंत्री,
संयोजक, जैम वर्ल्ड पत्रिका



**अभिषेक सांड**
सदस्य



**अदित बरड़िया**
सदस्य



**महेश खण्ड़ेलवाल**
सदस्य



**नरेश अगरोया**
सदस्य



**शिरीष अग्रवाल**
सदस्य



**सुधीर ठोलिया**
सदस्य

JEWELLERS
ASSOCIATION
JAIPUR

# कार्यकारी समिति
# सत्र 2022-2024


डी.पी. खण्ड़ेलवाल
अध्यक्ष


आलोक सौंखिया
उपाध्यक्ष


नीरज लुणावत
मानद् मंत्री


राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
संयुक्त सचिव


गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
कोषाध्यक्ष


अभिषेक जैन
सदस्य


अभिषेक सांड
सदस्य


अजय गोधा
सदस्य


अशोक माहेश्वरी
सदस्य


बिट्ठल दास माहेश्वरी
सदस्य


महावीर कुमार डागा
सदस्य


नरेन्द्र लक्खी
सदस्य


निर्मल कुमार बरड़िया
सदस्य


पंकज सौंखिया
सदस्य


प्रदीप मेहता
सदस्य


रामशरण गुप्ता
सदस्य


सुनील मनिहार
सदस्य


विजय केड़िया
सदस्य

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# उप-समितियां सत्र 2022-2024

**सभी उप-समितियों में अध्यक्ष डी.पी. खण्ड़ेलवाल एवं मानद् मंत्री नीरज लुणावत पदेन सदस्य होंगे।**

### जैम वर्ल्ड सलाहकार मंडल
**मानद मंत्री एवं संयोजक**
नीरज लुणावत
**सदस्य**
अभिषेक सांड
अदित बरड़िया
आलोक सौंखिया
महेश खण्ड़ेलवाल
नरेश अगरोया
शिरीष अग्रवाल
सुधीर ठोलिया

### वित्त संग्रह
**संयोजक**
रामशरण गुप्ता
**सदस्य**
जुगल किशोर डेरेवाला
निर्मल कुमार बरड़िया
राजेन्द्र साबू
संजय काला
श्याम सुन्दर खटोरिया
विजय केड़िया

### धर्मकांटा
**संयोजक**
पंकज सौंखिया
**सदस्य**
भारत भूषण गुप्ता
किरण शाह
मनीष अग्रवाल
मोहम्मद अंसार
मुरली गोपाल झालानी
नीरज सौंखिया
निमीश खण्ड़ेलवाल
रोहिताश सौंखिया
श्रीराम विजय

### शोध, विकास एवं मैन्यूफेक्चरिंग
**संयोजक**
प्रदीप मेहता

### कर, विधि, आयात-निर्यात संवर्धन एवं कस्टम
**संयोजक**
विजय केड़िया

### विधान संशोधन
**संयोजक**
विजय केड़िया

### पंच फैसला
**संयोजक**
निर्मल कुमार बरड़िया

### रत्न दलाल
**संयोजक**
सुनील मनिहार
**सदस्य**
गौरव फोफलिया
ललित कुमार जैन (चपलावत)
महेश गुप्ता
मज़ीद भाई घोड़ेवाला
नवल बिहारी गुप्ता
प्रमोद कोटावाला
प्रीतम कोठारी
रोहित धांधिया
सत्य नारायण मालपानी
शिरिष अग्रवाल
सुमेर मल लोढ़ा
सुरेश मूथा
वेनी प्रसाद गुप्ता
विनीत अग्रवाल

### जनोपयोगी भवन
**संयोजक**
महावीर कुमार डागा
**सदस्य**
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
अमित जैन
दीपक मित्तल
गौतम पंसारी

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# उप-समितियां सत्र 2022-2024

किशन मूंदड़ा
नील कंठ भंडारी
राजेश डागा
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
संदीप गुप्ता
संजय डागा
वेनी प्रसाद गुप्ता

### डिजिटाइजेशन/IT/Social Media
**संयोजक**
अभिषेक सांड

### ट्रेड रेगुलेटरी (टी.आर.सी)
**संयोजक**
निर्मल कुमार बरड़िया

### सदस्यता प्रपत्र जांच
**संयोजक**
डी.पी. खण्लडेलवाल

### सेमिनार
**संयोजक**
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल

### व्यापारिक सुरक्षा
**संयोजक**
नरेन्द्र लक्खी

### सामाजिक सरोकार
**संयोजक**
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
**सदस्य**
अभिषेक सांड
आकाश अग्रवाल
आलोक सौंखिया
बृज किशोर अग्रवाल
धर्मेन्द्र चौपड़ा
कृष्ण कुमार अग्रवाल
मदन मोहन विजय
महावीर कुमार डागा
नरेन्द्र लक्खी
नीलेश कुमार छाजेड
नीरज खण्डेलवाल
पंकज सौंखिया
प्रमोद बाणवाला
राजेश डागा
राजेश कटारिया
राम सहाय माहेश्वरी (मांधना)
रामशरण गुप्ता
सुधांशु रावत
विमल गुप्ता (जिन्दल)

### बी2बी शो (JAGS)
**संयोजक**
अभिषेक सांड
**सदस्य**
अब्दुल शकूर लाली
आलोक सौंखिया
आनन्द राव
आशीष बंग माहेश्वरी
आशीष सिंघवी
धर्मेन्द्र चौपड़ा
घनश्याम साहू
केतन मुंशी
कृष्ण बल्लभ नाटाणी
महावीर कुमार डागा
नील कंठ भंडारी
प्रमोद कोटावाला
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

### परिचय-पत्र, प्रमाणपत्र एवं डाइरेक्ट्री
**संयोजक**
अजय गोधा

### ज्वैलर्स असोसिएशन एम्प्लॉयमेंट ड्राइव
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# SUB-COMMITTEES 2022-24

### ज्वैलर्स असोसिएशन शो (JAS)

**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी
**सह संयोजक**
अजय गोधा
नरेश अगरोया
**सदस्य**
अभिषेक जैन
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
अनिल ताम्बी
अरूण गोखरू
बजरंग बाहेती
बिट्ठल दास माहेश्वरी
दीपक साहू
गौरव जैन
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
जितेन्द्र सिंह शेखावत
कमल जिंदल
कृष्ण कुमार अग्रवाल
महावीर कुमार डागा
महेन्द्र लुहाड़िया
महेश खण्ड़ेलवाल
मुकेश विजय
नरेन्द्र लक्खी
निर्मल कुमार बरड़िया
नितिन गिलारा
पंकज सौंखिया
प्रदीप मेहता
राघव खण्ड़ेलवाल
राजेश डागा
राजेश धामाणी
राजेश नाहर
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
रामशरण गुप्ता
रूपेश ताम्बी
संचित टाटीवाला
संजय काला
शुभांग मित्तल
सुधीर ठोलिया
सुनील बटवाड़ा
सुनील कुमार गुप्ता
सुनील मनिहार
सुरेश ढढ्ढा
विजय केड़िया
यशेष ताम्बी

### के वाई सी

**संयोजक**
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

### यंग एन्ट्रीप्रिन्योर

**संयोजक**
अभिषेक जैन
**सदस्य**
अखिल गोयल
गिरजा शंकर शर्मा
निखिल गुप्ता
विनोद कुमार भुखमारिया
योगेश कुमार साहू

### ज्वैलर्स असोसिएशन, जौहरी बाजार भवन रख-रखाव

**संयोजक**
पंकज सौंखिया
**सदस्य**
अब्दुल शकूर लाली
आकाश अग्रवाल
आलोक कुमार सिंह
चर्चिल पटेल
दीपक गुप्ता
दिलीप पंजाबी
किशन मूंदडा
कोमल जैन
कृष्ण कुमार अग्रवाल
मनीष कोठारी
रोहिताश सौंखिया
शरद गोयल
शैलेश कुमार मेहता
तारक नाथ मिश्रा
विनोद कुमार भुखमारिया
विशाल मालपानी

GEMFIELDS



Responsibly sourced Zambian emeralds and Mozambican rubies.
Championing transparency and trust in the coloured gemstone industry.

GEMFIELDS.COM


Jaipur Gem
EMERALD
RUBELLITE
AQUAMARINE
AMETHYST
PEACH MORGANITE
TANZANITE
TSAVORITE
PINK TOURMALINE
PERIDOT
BLUE TOPAZ
PINK MORGANITE
YELLOW BERYL
WWW.JAIPURGEM.COM
jaipurgem
jaipurgem
TEL NO: +91-141-257-1401,+91-141-2571402
Email-contact@jaipurgem.com

www.valentinejaipur.com
valentinejaipur

valentine®
JAIPUR



VALENTINE JEWELLERY INDIA PVT LTD
order@valentinejewelleryindia.com
+91-7412077885

VALENTINE JADAU
val.jadau@gmail.com
+91-7412077880

ADDRESS
G1-15,16 Gem & Jewellery Zone EPIP, Sitapura Jaipur-302022 INDIA











Certifed Member of Responsible Jewellery Council

**Corporate Office**
RMC Gems India Ltd.
24, Bardiya Colony, Museum Road,
Jaipur 302004 India
Tel: 91-141-2533050,2533092
Email: rmc@rmcgems.in

RMC
www.rmcgems.in

**SEZ Factory**
RMC Gems India Ltd.
G1-18 & 19, SEZ Phase 1, Sitapura Industrial Area,
Tonk Road, Jaipur 302022 India
Tel: 91-141-2770687 Fax: 91-141-2770669
Email: rmc@rmcgems.in

JEWELLERS' ASSOCIATION
JAIPUR

jas
connect to source

THE PREMIUM B2B SHOW
7-8-9 JULY 2023

JEWELLERS' ASSOCIATION
JAIPUR

JECC, SITAPURA, JAIPUR

*Season's Auspicious Beginning*

*Announcing*

07 | 08 | 09
*July*
2023

*in association with*
GEMFIELDS

252, Johari Bazar, Jaipur Ph: +91 141 4034112, 113, 2563829 Email: info@jasjaipur.com

www.jasjaipur.com

# विचेंसा ओरो

## जनवरी

# सफलता के नये आयाम




इटली के विचेंसा शहर में 20 -24 जनवरी के बीच आयोजित विचेंसा ओरो बुटीक ज्वैलरी शो ने सफलता के नए आयाम स्थापित किये। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार विदेशी बायर्स की संख्या दो गुना से अधिक बढ़ गई, साथ ही घरेलू बायर्स की भागीदारी में भी बढ़ोतरी देखने को मिली। कोविड पूर्व वर्ष 2020 की तुलना में विदेशी बायर्स की संख्या में भी 11 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। उल्लेखनीय है कि इस बार शो की अवधि एक दिन कम थी, लेकिन उस के बाद भी बायर्स की भागीदारी बेहतर रही। बायर्स में 60 प्रतिशत से अधिक विदेशी थे जो कि 136 देशो से आये थे।

सबसे अधिक 54.5% यूरोप से, 9.5% मध्य पूर्व के देशों से, 9% एशियाई देशों से, इतने ही टर्की से, 7.2% उत्तरी अमेरिका से, 5.4% अफ्रीका से और 4.7% लेटिन अमेरिका से आए थे। जिन प्रमुख देशों से अधिक बायर्स आए थे, उनमें अमेरिका, टर्की, ग्रीस, जर्मनी, स्पेन, ब्रिटेन, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात, इज़्रायल, सऊदी अरब, भारत, जापान और थाईलैंड थे।




शो में एक टाईमपीस सेगमेंट 'वीओ विंटेज' था, जिसमें पुराने जमाने की घड़ियों और ज्वैलरी का कलेक्शन था, जिसे बी टू सी एवं आम जनता के लिए डिस्प्ले किया गया था। इटली व अन्य देशों से बड़ी तादाद में आए बायर्स ने इसमें बहुत दिलचस्पी दिखाई।

शो में 1300 से अधिक ब्रांड्स का डिस्प्ले किया गया था, जहां 400 से अधिक होस्टेड बायर्स की मौजूदगी रही। जिनके आगमन से लगता है कि इटली से निर्यात में उल्लेखनीय बढोतरी होगी। यह निर्यात जनवरी-सितंबर, 2022 मे 27.2% बढ़ा था।

दरअसल मेड इन इटली की अपनी साख है और इससे आकृष्ट होकर प्रोफेशनल ऑपरेटर्स और बायर्स इस शो में पहुँचते हैं। सबसे बड़ी बात है विश्व भर के बायर्स का यहाँ आपस में मिलना और अपने-अपने देश के ट्रेंड्स व क्रिएशन की जानकारी शेयर करने के लिए यह अच्छा प्लेटफार्म हैं जहाँ इससे इंटरनेशनल ज्वैलरी कम्युनिटी की जरुरत का भी पता चलता है।

Exhibitor
**BYTE**



*विचेंसा ओरो मे भारतीय कारोबारी समुदाय व उनके मेहमानों के लिए 23 जनवरी को एक भव्य रात्रिभोज का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य था दोनों देशों के बीच कारोबारी रिश्तों को और मजबूत करना।*

## ...कलरस्टोन की काफी मांग रही

मैं यहां 35 साल पुरानी कंपनी 'जैम इंडिया एक्सपोर्ट' की तरफ से आया हूँ। हमारी कंपनी कलरस्टोन का काम करती है। हमने शो में विभिन्न आकार और डिज़ाइन के रूबीलाइट, अक्वामरीन, तंजेनाइट, पिंक एंड ग्रीन तुर्मली, मोरगेनाइट, अलेक्जेंड्राइट, सेवोराइट आदि का डिस्प्ले किया जिसका रेस्पॉन्स काफी उत्साह भरा रहा। हमारे पास प्रीशियस श्रेणी के कलरस्टोन्स की भी काफी पूछ-परख आई। शो में कलरस्टोन की इतनी बड़ी मांग देखकर अच्छा लगा। विज़िटर्स ने ओपेक श्रेणी के कलरस्टोन में भी काफी दिलचस्पी दिखाई।

**-सुधीर कोठारी**
**एक्जीबिटर**



# रेणु चौधरी
## के नज़रिये से

### विचेंसा ओरो शो में खास क्या था ?

यह कैलेण्डर वर्ष का पहला इंटरनेशनल शो था, जिसमें गोल्ड और ज्वैलरी सेक्टर दोनों साथ थे। ज्वैलरी बनाने में इटली के कारीगरों की जो कारीगरी है, वह अपनी गुणवत्ता के कारण विश्व विख्यात है और उस कारीगरी का नया इनोवेशन और क्रिएशन यहां देखने को मिला। ज्वैलरी के नये ट्रेंड्स यहाँ नजर आते हैं। सभी तरह की ज्वैलरी यहाँ उपलब्ध थी, जिसमें अनब्रांडेड से हाई-एंड ज्वैलरी ब्रांड शामिल रहे। सभी तरह के कलरस्टोन्स भी यहाँ देखने को मिले। इसके अलावा यहाँ नवीनतम तकनीकी सोल्यूशन और मशीनरी का भी डिस्प्ले देखने को मिला। शो में बायर्स, पत्रकार और ओपिनियन लीडर्स बहुतायत में उपस्थित थे।

### इस वर्ष रेस्पांस कैसा रहा?

इस बार बहुत पॉजिटिव रेस्पांस रहा। यह शो कनेक्शंस व नेटवर्किंग का काफी बड़ा प्लेटफार्म है, जिसमें आने वाले वक्त की मांग और ट्रेंड्स का अनुमान लगाया जा सकता है।

### शो में किस तरह का नया ट्रेंड देखने को मिला?

इटली ट्रेडिशनल ज्वैलरी का एक बड़ा उत्पादन केंद्र है। यहाँ क्लासिक स्टाइल और कंटेंपरेरी डिजाइन वाली ज्वैलरी बनती है। यूरोप में जो ज्वैलरी उत्पादन होता है, उसका दो तिहाई सिर्फ इटली में होता है। विचेंसा गोल्ड ज्वैलरी निर्माण के लिहाज से ग्लोबल कैपिटल मानी जाती है।

# ट्रेंड्स...

## इटालियन स्ट्रेच चैन

यह 18 कैरेट मे बना ब्रेसलेट है, जिसे इटली में डिजाइन किया गया है। इस ब्रेसलेट के लिए क्लेस्प की जरुरत नहीं होती, यह आसानी से कलाई मे पहना जा सकता है। फोप ने इसे बनाया है, यह कंपनी जिस तकनीक से अंगूठी, नेकलस, इयररिंग्स आदि बनाती है उसे पेटेंट कराया हुआ है। यह ज्वैलरी पहनने मे काफी आसान है और इसका लुक भी बहुत खूबसूरत हैं।



## मल्टीवियर ज्वैलरी





सेराफिन्को कंसोली ज्वैलरी द्वारा निर्मित यह ज्वैलरी इटालियन एक्सीलेंस के रूप में परिभाषित की जा सकती है। 18 कैरेट मे निर्मित इस ज्वैलरी का सृजन करने के लिए 10 साल तक शोध-विश्लेषण और टेस्टिंग का सिलसिला चला, तब जाकर ऐसा परफेक्शन आया है। यह ज्वैलरी विभिन्न आकारों और रेंज में उपलब्ध है।

## डायमंड ज्वैलरी

श्राइनर फाईन ज्वैलरी की ओर से फाईनेस्ट क्वालिटी का नेकलेस डिजाइन किया गया, जो पूरे शो में आकर्षण का केंद्र रहा। इसे विचेंसा शो की रायल ट्रीट कहा जाए, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।



# प्रेरणा माखरिया
## के नज़रिये से



### विचेंसा ओरो में खास क्या रहा?

यह शो ऐसी जगह है, जहाँ विश्व बाजार के लिए डिजाइन, कंसेप्ट एवं ट्रेंड्स का सृजन और निर्धारण होता है। इटालियन कारीगर जिस तरीके से ज्वैलरी बनाते हैं, उसे कंसेप्ट, डिजाइन और उत्पादन के लिहाज से बेहतरीन कहा जा सकता है। यहाँ विश्व बाजार के लिए ट्रेंड सेटर ज्वैलरी बनती है। अब स्टोरी टेलिंग ज्वैलरी का एक नया कंसेप्ट आया है, जो बहुत ही अनूठा है।

### शो में क्या नया ट्रेंड देखने को मिला?

शो में पारंपरिक ज्वैलरी और विंटेज घड़ियां बहुत लोकप्रिय रही। माड्यूलर ज्वैलरी का ट्रेंड भी देखने को मिला साथ ही मेटल्स पर टैक्स्चर का नया ट्रेंड सामने आया। इसके अलावा ब्रूच और यूनिसेक्स ज्वैलरी को भी लोगों ने काफी पसंद किया।

### इस बार रेस्पांस कैसा रहा?

यह शो अब तक का सफलतम शो कहा जा सकता है। शो का प्रबंधन बहुत बेहतरीन था इसमें प्रवेश-निकास के लिए बार-कोडिंग सिस्टम अपनाया गया, जिससे विजिटर्स का काफी समय बचा। इस बार-कोडिंग प्रणाली को विभिन्न शोज़ में भी लागू किया जा सकता है। ज्वैलरी तथा कलरस्टोन के कलेक्शन को काफी पसंद किया गया और साथ ही यूनिक तरीके से डिज़ाइन किये गए बूथ भी आकर्षण का केंद्र रहे।

## ट्रेंड्स...



### शार्क ब्रूच

अलेसियो बोशी ने कुछ अनूठे जैमस्टोंस का उपयोग कर एक नायाब क्रिएशन प्रदर्शित किया, जो था 18 कैरेट पैलाडियो और रोज गोल्ड मे बना 'शार्क ब्रूच'। इसमें पराईबा, तुर्मली, अक्वामरीन, केशी पर्ल्स और रूबी को जड़ा गया है। रोज बेली के साथ मैचिंग इयररिंग्स भी हैं। इसकी कारीगरी बहुत बेहतरीन है जिससे यह बहुत लुभावनी ज्वैलरी बन गई है।

## श्राइनर

श्राइनर जर्मनी की कंपनी है और बेस्ट इन क्लास जैमस्टोंस के क्षेत्र में काम करती है।शो में प्रदर्शित इस फ्लोरल नेकलेस को बनाने में 2500 कैरट सफायर, 35 कैरट तुर्मली और 25 कैरट डायमंड्स का उपयोग किया गया है। प्रकृति और बदलाव को इस नेकलेस मे बहुत ही खूबसूरती से इंगित किया है। 'द हौट जोलेरी हाउस' के क्रिएशन्स मे प्रकृति की तरलता हमेशा देखने को मिलती हैं।





## स्वान ब्रूच

स्वान वस्तुतः प्रेम, रोमांस, समर्पण, आंतरिक सौंदर्य, सौम्यता और कलात्मक भाव का प्रतीक है। यह स्वान नीले, सफेद और शैंपेन कलर के डायमंड्स से जड़ित है। पामीरो ज्वैलरी डिजाइन ने बेहतरीन गुणवत्ता और बेजोड़ सृजन प्रस्तुत किया है। यह मेड इन इटली की आथंटिक प्रस्तुति है।

## कार्टियर वॉच

इटली गोल्डन टाइमपीसेज का बड़ा उत्पादन केंद्र रहा है। विंटेज टाइमपीसेज का अपना इतिहास है। यहाँ एक एंटिक पॉकेट वॉच को प्रदर्शित किया गया, जिसे 1930 मे 18 कैरेट गोल्ड से बनाया गया। इसे अंगूठी की तरह पहना जा सकता है। इसका डायल बी. टीई. एसजीडीजी पैटर्न प्रिंटेड है। जिसका अर्थ है - brevete sgdg.



## तुसान शो

# जैमस्टोंस का ट्रेंड सैटर शो







तुसान शो वस्तुतः एक शो नहीं है बल्कि वहाँ 15 जनवरी से 15 फरवरी तक अनेक शो आयोजित होते हैं। इस तरह पूरे एक महीने तुसान मे कलरस्टोन फेस्टिवल रहता है। इस दौरान 5 दिन से 15 दिन की अवधि वाले 40 से ज्यादा शो आयोजित होते हैं। हर शो की अपनी अलग खासियत होती है, कोई रफ का शो होता है तो कोई सेमी प्रीशियस का और कोई प्रीशियस का। इसी तरह कलरस्टोन के भी मिक्स शो होते हैं। एक तरह से पूरे विश्व भर के सभी तरह के स्टोंस का डिस्प्ले यहाँ होता है और वह भी भरपूर वैरायटी के साथ।

शो में हर देश से बायर्स आते हैं तो स्टोन उत्पादक व प्रोसेसिंग करने वाले देशों से एक्जीबिटर्स भी। भारत से 500 से अधिक कारोबारियों ने यहाँ शिरकत की है। यह शो स्थाई कैंपस में नहीं बल्कि टेंट्स मे आयोजित किया जाता है। जो लोग जैमस्टोंस का अध्ययन करना चाहते हैं, उनके लिए यह मुफीद जगह है। व्यवहारिक दृष्टि से देखा जाए, तो यह विश्व का सबसे बड़ा शो है।

## भारत बन सकता है ग्लोबल सोर्सिंग हब



**अनिल विजयवर्गीय**
ग्रीन रॉक आईएनसी
*एक्जीबिटर, तुसान शो*

ग्रीन रॉक आईएनसी के अनिल विजयवर्गीय कहते हैं कि भारत जैम एंड ज्वैलरी का विश्व में बड़ा सोर्सिंग हब बन सकता है। इसके लिए स्किल डेवलपमेंट पर फोकस कर जैमस्टोंस तराशने और ज्वैलरी निर्माण की बेहतरीन कारीगरी सिखाने वाले सेंटर बनने चाहिए। ग्लोबल बायर्स चीन और थाईलैंड का रुख इसलिए करते हैं कि वहाँ स्किल्ड लेबर परफेक्ट काम करती है। लेकिन **विश्वसनीयता के लिहाज से ग्लोबल बायर्स का ट्रस्ट भारत पर है, इस स्थिति का व्यवसायिक लाभ उठाने के लिए संबंधित स्टेकहोल्डर्स को तत्पर रहने की जरूरत है।** हमारा फोकस मेड इन इंडिया प्रोडक्ट को विश्व बाजार में बढ़ावा देने का हैं, इसलिए क्वालिटी के लिहाज से चीन से बेहतर प्रोडक्ट हम बनाते हैं।

अनिल विजयवर्गीय की कंपनी ने तुसान शो में डायमंड्स का डिस्प्ले किया था। उनकी कंपनी न्यूयार्क में 25 साल से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि तुसान शो में कलरस्टोन को बहुत अच्छा रेस्पांस मिला। अब तक एक अवधारणा थी डायमंड्स फोर-एवर, लेकिन अब कलरस्टोन भी अपनी रंगत जमाने लगे हैं। न केवल एमरल्डस बल्कि रूबीलाइट और सैफायर जड़ित अंगूठियां भी सगाई व विवाह के मौके पर पहनी जाने लगी हैं। इस बार शो में एक महत्वपूर्ण बात यह देखने को मिली कि पहले बायर्स अपनी सोच के अनुसार कुछ कलर सेट करते थे और तदानुसार खरीद, लेकिन अब शो देखकर पसंद किया जाता है कि क्या खरीदना है, इसलिए कि शो में आने के बाद नवीनतम ट्रेंड्स की जानकारी मिलती है।



# आयुषी कसारानेनी

वसुंधरा डायमंड रूफ
हैदराबाद



# ज्वैलरी से कलात्मक कथाओं का सृजन



वसुंधरा डायमंड रूफ हैदराबाद का एक जाना-माना ज्वैलरी कारोबारी मुकाम है, जिनके लिए तीन बातें महत्वपूर्ण है, पहला भरोसा, दूसरा सृजन और तीसरा वैरायटी। आयुषी कसारानेनी इसका संचालन करती हैं, प्रस्तुत है उनसे हुई बातचीत के कुछ अंश...



## कंपनी के बारे में

वसुंधरा डायमंड रूफ की स्थापना मेरी मां वसुंधरा कसारानेनी ने 25 साल पहले की थी।ज्वैलरी कारोबार क्षेत्र में काम शुरू करने वाली वो दक्षिण भारत की पहली महिला थी। उन्होंने अपने काम में महिलाओ का बहुत साथ लिया और उन्हें अपने काम से जोड़ा भी। इसके पीछे उनका उद्देश्य था महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाना और साथ ही उनके पास जो कलात्मकता होती है उसका ज्वैलरी बनाने में उपयोग करना। यही वजह रही कि जो ज्वैलरी हम प्रस्तुत



करते हैं वह केवल ज्वैलरी मात्र नहीं होती बल्कि उसके पीछे एक कहानी होती है जो उस ज्वैलरी को पहनने वाले के साथ जुड़ जाती है और एक परंपरा बन जाती है।

## कलरस्टोन से जुड़ाव

हमने 25 साल पहले जब शुरुआत की थी, तब दक्षिणी भारत में कलरस्टोन का बाजार बहुत अधिक नहीं था। सोने के आभूषण और डायमंड्स की मांग अधिक थी। मेरी माँ की निगाहें पारखी थी और उनकी सोच कलात्मक थी। साथ ही कलरस्टोन्स के संग्रहण में अभिरुचि भी थी और उनका मानना था कि कलरस्टोन जड़ने के बाद ज्वैलरी मे निखार आता है। इसी सोच के सहारे उन्होंने रत्नजड़ित ज्वैलरी का सृजन करना शुरू किया और यही वजह है कि आज हमारे पास कलरस्टोन ज्वैलरी का बहुत अच्छा कलेक्शन है।

## विशेष पसंद

यूं तो हमें सभी कलरस्टोंस पसंद हैं, हर जैमस्टोन की अपनी सुंदरता होती है, ऐसे में किसी के लिए भी एक विशेष कलरस्टोन को पसंद करना बहुत मुश्किल होता है। हमारे यहाँ जेवरात बनाने का काम चूंकि सतत चलता रहता है, इसलिए हम विभिन्न आकार-प्रकार के जैमस्टोन का उपयोग करते रहते हैं। फिर भी सामान्यतः एमरल्डस का उपयोग हम अधिक करते हैं, क्योंकि अधिकतर ग्राहक इसे पसंद करते हैं और यह अलग-अलग कीमतों पर उपलब्ध भी हो जाता है।

## कलरस्टोंस का बाजार

भारतीयों के बीच कलरस्टोंस के प्रति लगाव बढ़ता जा रहा है और स्वाभाविक तौर पर वे पूछ-परख और ख़रीददारी भी करते हैं। देश में ज्वैलरी का कारोबार भी लगातार बढ़ रहा है। अब लोग न केवल सोना-चांदी की रि-सेल वैल्यू पर निगाह रखते हैं बल्कि कलरस्टोंस की रि-सेल वैल्यू पर भी फोकस रखते हैं। अब कलरस्टोंस को निवेश के रूप में भी देखा जाने लगा हैं।

## चुनौतियाँ

महिलाएं काम-काज के लिहाज से अनेक क्षेत्रों में सक्रिय हैं, साथ ही आज जैम एंड ज्वैलरी सेक्टर मे भी उनका प्रवेश हुआ है और संख्या पिछले 5-7 वर्षों में भी लगातार बढ़ रही है। मेरी माँ ने 25 साल पहले जब शुरुआत की, तो खुद को स्थापित करने के लिए बहुत मशक्कत करनी पड़ी। फिर भी उन्होंने जिम्मेदारी व जवाबदेही से अपना काम किया और आगे बढ़ी। उनका मानना था कि एक बार विश्वास बन जाता है, तो वह अनमोल भी होता है तथा आगे की राह लम्बे समय तक बरक़रार रखता है।

## जयपुर

जयपुर हमारे लिए सबसे पसंदीदा जगह है, हमें जयपुर की आर्ट, आर्किटेक्चर, मेहमान-नवाजी और गर्मजोशी बहुत पसंद आती है। चूँकि जयपुर एक ऐतिहासिक शहर है तो इसको देखने का अपना आनंद है, यहाँ का हेरिटेज और कला अत्यंत अद्भुत है साथ ही प्रेरणादायक भी।

जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी का अपना इतिहास और अपनी कहानी है जिसकी परछाई हमें यहाँ की कारीगरी और सृजनता में देखने को मिलती है।

# 130 साल से विख्यात है हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स





**अंकुर आनंद**
**संचालक**
**हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स (एचएसजे)**
**उत्तर प्रदेश**



हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स उत्तर प्रदेश में जैम एंड ज्वैलरी क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम है, जिसकी शुरुआत 19 वीं शताब्दी में हुई थी। तेरह दशक की इनकी कारोबारी यात्रा में इन्होने न केवल नए मुकाम बनाये हैं बल्कि ज्वैलरी में परंपरा और आधुनिकता का अनूठा मिश्रण भी प्रस्तुत किया है। इनके ज्वैलरी डिज़ाइन देखकर ऐसा लगता है जैसे कला में समृद्धि को समाहित कर दिया गया हो।



1893 मे स्थापित यह 130 साल पुराना प्रतिष्ठान है, उत्तर प्रदेश में 'एचएसजे' के दो प्रमुख शहरों में शोरूम्स है एक लखनऊ और दूसरा बरेली में। पांच पीढ़ियों से यह घराना इनका संचालन कर रहा है। कंपनी के जो बुटीक स्टोर्स हैं, उनकी पहचान ज्वैलरी की क्वालिटी और डिजाइन के कारण है। लक्ज़री और एक्सक्लूसिव ज्वैलरी की बड़ी वैरायटी इनकी खासियत है। साथ ही ज्वैलरी मे फाइन क्वालिटी के जैमस्टोंस का उपयोग इनके ब्रांड को यूनिक बनाता है ।

वैसे तो कलरस्टोन का उपयोग ज्वैलरी बनाने में काफी होता ही है, साथ ही भारतीय ज्योतिष शास्त्र में इनका अपना एक बड़ा महत्व है, जिस कारण जैमस्टोन्स की मांग बनी रहती है। ज्वैलरी बनाने में इनके यहाँ एमरल्डस का उपयोग अधिक होता है, क्योंकि वे सुंदर होते हैं और टिकाऊ भी। एमरल्ड्स के साथ-साथ अन्य सभी तरह के जैमस्टोंस का उपयोग इनके यहाँ ज्वैलरी बनाने में किया जाता है।

देखा जाए तो जैमस्टोन्स के कारोबार का भविष्य बेहतर नजर आ रहा है, क्योंकि लोगों की आमदनी बढ़ रही है, साथ ही उनकी लक्जरी क्रयशक्ति भी। जैमस्टोंस की अपनी उपयोगिता होती है, जिस कारण इसकी मांग लगातार बढ़ रही है।



इनके यहाँ बनी ज्वैलरी की मांग उत्तरप्रदेश के साथ अन्य राज्यों में भी है। उत्तरी भारत से कलात्मक ज्वैलरी पसंद करने वाले ग्राहक इनके यहां पर ख़रीददारी करते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि इनके यहां ज्वैलरी की डिजाइनिंग और कारीगरी बहुत बारीकी से की जाती है, जिस कारण बहुत सारी वैरायटी और डिज़ाइंस उपलब्ध रहती है।

जयपुर से हमारा व्यावसायिक जुड़ाव बहुत पुराना है। हम जैमस्टोन ज्वैलरी और पोल्की की कारीगरी यहाँ करवाते है। जयपुर में आयोजित ज्वैलरी शोज में हमारी भागीदारी सतत रहती हैं, ये शहर चूँकि ज्वैलरी और जैमस्टोन के कारोबार का ग्लोबल हब है अतः यहां कारोबारियों से मिलकर नए ट्रेंडस के बारे में पता चलता है।



# ट्रेंडी अफेयर्स

जैमस्टोन किसी भी ज्वैलरी के लिए बड़ा आकर्षण होता हैं उच्चकोटि के जैमस्टोन्स और बेहतरीन ज्वैलरी डिजाइंस यहाँ दर्शाए गए हैं जो नवीनतम ट्रेंड में हैं।



POLKI DIAMOND SAPPHIRE NECKLACE
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



EMERALD NECKLACE
**Savio Jewellery**



POLKI EARRINGS
**Achal Jewels**

ZAMBIAN EMERALD BEADS NECKLACE
**Ramnarayan & Co.**





PADPRADSCHA SAPPHIRE
**Biharilal Holaram**



RUBY
**Biharilal Holaram**



EMERALD DIAMOND EARRINGS
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



INDO WEAR EMERALD NECKLACE
**Shree Jee Jewels**



TANZANITE
**Lunawat Gems**



ROSE CUT DIAMOND EARRINGS
**Royal Gems & Jewels**



TSAVORITE
**Lunawat Gems**



COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



CUSTOM CUT RUBY AND
DIAMOND BANGLE
**Birdhichand Ghanshyamdas**



DIAMOND AND
EMERALD STATEMENT CHOKER
**Birdhichand Ghanshyamdas**



AQUAMARINE
**Lunawat Gems**



PINK SAPPHIRE RING
**Gem Plaza**



EMERALD ROUGH
**Rakesh Kumar Vijay**



ROUGH COLOMBIAN EMERALD
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



POLKI DIAMOND EMERALD NECKLACE
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



MORGANITE
**Precitone Co. Ltd.**



TOURMALINE SMOOTH BEADS
**National Facets**



MUGHAL DARBAR
**Jaipur Ratna**

COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**





TOURMALINE CARVING BEADS
**National Facets**



RUBYLITE
**Lunawat Gems**



OPAL
**RMC Gems**



LONDON BLUE TOPAZ
**RMC Gems**



MORGANITE
**RMC Gems**



INDIGOLITE
**RMC Gems**



RUBLITE CUT
**RGS Creation**

RUBYLITE
**Precitone Co. Ltd.**





AQUAMARINE
**Precitone Co. Ltd.**



COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



AURA ORANGE EARRINGS
**Savio Jewellery**



DIAMOND NECKLACE
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



MULTI TOURMALINE
**RGS Creation**



EMERALD POLKI JADAU SET
**Tatiwalas Gehna**



SUKANYA
**Jaipur Ratna**



EMERALD ROUGH
**Rakesh Kumar Vijay**



POLKI BANGLE
**Achal Jewels**



SPESSARTITE
**Precitone Co. Ltd.**



EMERALD POLKI JADAU EARRINGS
**Tatiwalas Gehna**



SPECIMEN OF COLOMBIAN EMERALD
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



IOLITE
**Meco Gems Impex**



EMERALD
**Earth Creation Gems**



SET OF EMERALD CARVINGS
**Ramnarayan & Co.**



VIBRANT HUE RING
**Shree Jee Jewels**



YELLOW DIAMOND EARRINGS WITH MOTHER OF PEARL AND DIAMONDS
**Gem Plaza**

| COMPANY | EMAIL ADDRESS |
|---|---|
| ACHAL JEWELS | office@achaljewels.com |
| BIHARILAL HOLARAM | anand@lakhi.net |
| BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS | pr@birdhichand.com |
| C.I. BOGOTA | bem@bem.com.co |
| GEM PLAZA | mail@gemplaza.ne |
| JAIPUR RATNA | rea@jaipurratna.com |
| LUNAWAT GEMS | tech@lgcindia.com, jg@lgcindia.com |
| PRECITONE CO. LTD. | anu@precitone.com |
| MECO GEMS IMPEX | mecogems@gmail.com/ earthcreation01@gmail.com |
| RAKESH KUMAR VIJAY | 123muk@gmail.com |
| NATIONAL FACETS | management@nationalfacets.com |
| RAMNARAYAN & CO. | ramnarayanco501@gmail.com |
| RGS CREATION | rgscreations4@gmail.com |
| RMC GEMS | gyan.rmc@gmail.com |
| ROYAL GEMS & JEWELS | yashdusad1@gmail.com |
| SAVIO JEWELLERY | saviojewellery@gmail.com |
| SHREE JEE JEWELS | harshita@shreejeejewellers.in |
| TATIWALAS GEHNA | tg@tatiwalasgehna.com |
| VALENTINE JEWELLERY (I) PVT. LTD. | abhinav@valentinejewelleryindia.com |



COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**





# फाइन जैवलरी में अग्रणी नाम है अचल ज्वैल्स

**अचल ज्वैल्स की शुरुआत अरुण कुमार कोठारी द्वारा 1985 मे की गई थी और प्रारम्भिक दौर में इनकी शुरुआत  कलरस्टोन्स मैन्युफैक्चरिंग से हुई और बाद में फाइन ज्वैलरी का काम भी शुरू कर दिया। आज दोनों क्षेत्रो के साथ साथ ये डायमंड ज्वैलरी में भी सक्रिय हैं।**

## ज्वैलरी ट्रेंड

अरुण कुमार  कोठारी कहते हैं कि इस समय आधुनिक क्रिएशन्स  में पारंपारिक डिजाइन से प्रेरित  ज्वैलरी का ट्रेंड है। एक अच्छे डिज़ाइन को बनाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले कलरस्टोन्स  और प्रीशियस मेटल के कॉम्बिनेशन का उपयोग हो रहा है जिसकी बाजार में बड़ी मांग है।  इससे सृजित ज्वैलरी बहुत टिकाऊ है और आकर्षक होती हैं।

## आधुनिक युग में पारंपरिक डिजाइन

अरुण कोठारी के अनुसार पारंपरिक डिजाइन में एक रॉयल लुक आता है और हैरिटेज आभास भी।
आज के इस बदलते युग में ज्वैलरी को ग्राहक की मांग के अनुसार इस तरह बनाया जाता है जिससे वह किसी भी पहनावे के साथ रॉयल लुक दे। यही वजह है कि वक्त भले ही बदला हो, लेकिन ट्रेडिशनल ज्वैलरी व डिजाइन का ट्रेंड आज भी बरकरार है।

## नवीनतम कलेक्शन व क्रिएशन

कोठारी  कहते हैं  इस समय हमारे कलेक्शन मे दोनों तरह की डिजाइंस है, एक तरफ पारंपरिक लुक और दूसरी तरफ माडर्न क्रिएशन। दोनों की अपनी बाजार मांग है, जिसके हिसाब से हम ज्वैलरी डिजाइन कर कलेक्शन मे रखते हैं। हमारे यहाँ कलरस्टोन और पोलकी दोनों का बड़ा कलेक्शन  मिलता है।

## कुंदन पोलकी की लोकप्रियता

जयपुर कुंदन पोल्की के लिए विश्वभर में प्रख्यात है और यहां की कारीगरी तथा डिज़ाइन की अपनी एक पहचान भी है। ये काम पीढ़ियों से हो रहा है और इस काम में यहाँ के कारीगरों को जो निपुणता हासिल है उस कारण उनके काम के प्रति लोगो में भरोसा बना हुआ है। यूँ तो इस क्षेत्र में चीन व अन्य देशो से प्रतिस्पर्धा रहती है लेकिन कुंदन पोल्की के काम में जयपुर को महारथ हासिल है क्यूंकि ये काम हस्तनिर्मित है और सिर्फ जयपुर में ही किया जाता है।  साथ ही कुंदन-पोल्की ज्वैलरी का शाही विरासत से जुड़ा होना और इसके जटिल डिजाइन इसे लोकप्रिय बनाये हुए हैं। इसके अतिरिक्त, यह आभूषण अक्सर प्राकृतिक सामग्रियों से बनाए जाते हैं जो इसे पर्यावरण के अनुकूल बनाते हैं।






# JAGS

JEWELLERS ASSOCIATION
GEMSTONE SHOW

## ROUGH & CUT STONE SHOW

## SATURDAY 29th APRIL '23

VENUE: JANOPYOGI BHAWAN, GOVIND MARG, JAIPUR

JEWELLERS' ASSOCIATION
JAIPUR
SINCE 1927

252, Johari Bazar, Jaipur
Ph: +91 9314467174, 0141- 4034113
Email: info@jajaipur.com

www.jajaipur.com
ja.jaipur




RGS CREATION

# RGS Creation

**Import, Exports & Manufacturer of Semi Precious Stones**
**We also deals in Rough Stones**

**Address :**

Shop No. 257,
First Floor,
Choura Rasta,
Jaipur (Rajasthan) India

**Contact Person :**

Govind Agarwal : 9829063563
Sandeep Jain : 9929091900
Seemant Jain : 9928571296
Rishabh Jain : 9784479736

E-mail : rgscreations4@gmail.com


B·G
1930
BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS
JEWELLERS
Luxury Bridal Jewellery
Jaipur - 9, Lakshmi Complex, M. I. Road | T:+91-141-2379228 | E: jaipur@birdhichand.com
New Delhi - D 21, Defence Colony | T:+91-11-40115623, 40115624 | E: delhi@birdhichand.com
www.birdhichand.com

SINCE 1941

# BIHARILAL HOLARAM

(LAKHI GEMS GROUP)



SPECIALIZED IN ONE OF A KIND,
FINE, EXOTIC COLORED GEMSTONES
& FANCY COLORED DIAMONDS.

Head Off :75, Rasta Gopal ji ,Johari Bazar, Jaipur 302003
Branch Off : 901, 2nd Floor, Narendra Plaza, Ganga Mata Street, Gopal ji ka Rasta, Jaipur 302003
Tel: +91-141-4082222, 2571110, 2575848
Email : bh@lakhi.net, lakhigemjpr@gmail.com

भाग 4

# "मेरी कहानी मेरी जुबानी"



## डॉ. रजनीकांत शाह

रजनीकांत शाह विश्व की कलरस्टोन इंडस्ट्री में बहुत बड़ा नाम है, साथ ही इन्हे एमरल्ड किंग के नाम से भी जाना जाता है।

### कैलिब्रेटेड गुड्स

अब हम बात करते हैं कैलिब्रेटेड गुड्स की। न्यूयार्क में स्थानीय कारोबारी सामान्यतः एमरल्ड की मांग मानक आकार में करते हैं। जब किसी प्रीशियस या कलरस्टोन का कैलिब्रेशन होता है तो स्वाभाविक है कि उसमें अनकैलिब्रेटेड माल की तुलना में तैयार माल का वजन कम आता है। जयपुर की बात करें तो यहाँ प्रीशियस स्टोन के कण-कण की कीमत होती है।

कैलिब्रेशन के कारण तैयार स्टोन का वजन घटने से मूल्य भी तदानुसार कम आता है। इस स्थिति का निदान करने के लिए हमने अलग प्लान बनाया। हमने जयपुर भेजने के लिए तैयार स्टोन खरीदे, ताकि उनकी कीमत फिक्स हो जाये। फिर स्टोन की रि-कटिंग चाहे गए आकार के अनुसार करा ली, जिससे पूरे लॉट की कीमत समान रही, और नुकसान भी नहीं हुआ, इसमें बस लेबर व कमीशन चार्ज और जोड़ दिया गया। हमने इस तरह कैलिब्रेटेड स्टोंस उपलब्ध कराए और बेचे। जिससे इनका बेहतर मूल्य भी मिला, इसलिए ये लाभकारी रहे। मैंने कारीगरों को प्रीशियस स्टोंस की नपाई के काम आने वाले दर्जनों वर्नियर कैलीपर खरीद कर दिए, ताकि वे स्टोंस के आकार के अनुसार माप कर सकें। हालांकि कारीगरों को यह समझने में लंबा समय लगा, लेकिन अंततः सब अच्छा हो गया। अब कमर्शियल गुड्स भी कैलिब्रेटेड आकार में उपलब्ध थे। कोशिश रही कि कैलिब्रेशन के दौरान गुणवत्ता प्रभावित न हो, शुरू मे दिक्कत आई पर बाद में सब ठीक हो गया। अमेरिका में ज्वैलरी का उत्पादन अमानक आकार के स्टोंस से किया जाता था, फिर वहाँ श्रम लागत भी अधिक थी, जिस कारण ज्वैलरी की उत्पादन लागत अधिक आती थी।जब से ज्वैलरी बनाने में मानक आकर के रत्नों व मशीनों का उपयोग किया जाने लगा, तब से इसकी उत्पादन लागत में भी कमी आई। 1976 मे मैं न्यूयार्क शिफ्ट हो गया। मैने व्यापारियों व कारीगरों से कहा कि मानक आकार के अनुसार स्टोन कटिंग करें। उन्होंने ऐसा करना शुरू किया जिससे मुझे न्यूयार्क बाजार में सेटल होने मे मदद मिली। अब हम इस स्थिति में आ गए थे कि कैलिब्रेटेड गुड्स की मांग को पूरा कर सकें। हम जयपुर से जो माल भेजते थे, उससे जयपुर का बाजार विश्वभर के बाजारों से प्रतिस्पर्धा की स्थिति में आ गया था। कैलिब्रेटेड गुड्स के व्यवसाय में कुछ और कारोबारियों ने भी प्रवेश किया।



बीड्स की ड्रिलिंग करने की कथा भी रोचक है। पहले यह ड्रिलिंग दोनों तरफ से

आधी-आधी की जाती थी, इसमें तकनीकी दिक्कत यह थी कि होल सीधा नहीं होता था। हल्का सा सल या टेढ़ापन रह जाता था। ऐसे में जरूरत महसूस हुई सीधा होल करने वाली मशीन की। हांगकांग व बैंकॉक के कारीगर मशीन से होल करते थे, जो परफेक्ट आता था और लागत भी कम रहती थी। आगे के समय में उस तरह की मशीनें जयपुर में भी बनाई जाने लगी, इन मशीनों से होल किये हुए बीड्स को बेचने में आसानी रहती थी।

## स्टोंस का ट्रीटमेंट

स्टोंस का ट्रीटमैंट उस समय मुख्य मुद्दा बना हुआ था। जोबन मे सादे तेल का उपयोग भी ट्रीटमेंट ही कहा जाने लगा और व्यापारियों ने इसे घोषित करना भी शुरू कर दिया। आप्टिकान एक अन्य मैटेरियल है, जिसका उपयोग ट्रीटमेंट मे हो रहा था। यहाँ तक कि कच्चे माल को आप्टिकान से ट्रीट किया जाने लगा। ब्राजील में तो ट्रीटमेंट के लिए रंगों का उपयोग भी होने लगा था, हमने इसकी जांच के लिए अल्कोहल से टेस्ट किया तो पता चला कि स्टोन पर कलर किया हुआ था। इससे सम्बंधित एक किस्सा भी है, कट व पालिश किए स्टोंस का एक पैकेट बेचा गया, कुछ दिन बाद तेल-जोबन सूख गया और स्टोंस नकली सरीखे लगने लगे। कस्टमर्स ने ऐसे में सप्लायर्स की सत्य-निष्ठा पर शक करना शुरू कर दिया। स्टोन ट्रीटमैंट डिक्लेयर नहीं करने मे इस तरह की दिक्कतें आती ही हैं।

## ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर

## जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल

जयपुर मे ज्वैलर्स असोसिएशन है, जो ज्वैलर्स कम्युनिटी के हितों की रक्षा के लिए सतत् सक्रिय है। ज्वैलर्स की इस एकता के कारण जयपुर को जैमस्टोंस का बड़ा कारोबारी केंद्र बनने मे मदद मिली है। रश्मि भाई दुर्लभ जी इसमें काफी सक्रिय थे।

कलरस्टोन व डायमंड कारोबारियों के सहयोग के लिए सरकार ने जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल का गठन किया है। जो देशभर में रत्न-आभूषण कारोबारियों के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ विदेश व्यापार पर भी फोकस करती है।

## व्यापार का वैश्वीकरण

पिछली शताब्दी के पांचवें दशक में कच्चा माल खरीदने के लिए कुछ व्यापारियों ने विदेश यात्रा भी की। मगन दवे पहले भारतीय थे, जिन्होंने 1940-50 के दौरान विदेश में व्यापार शुरू किया। पचास के दशक में पी. पी. किशोर, अमृत सोनी, अनिल ढोलकिया और रसिक शाह ने न्यूयॉर्क में सैटल होकर काम शुरू किया। 1964-65 मे सुराणा और रावत ने वर्ल्ड फेयर मे हिस्सा लिया। साठ के दशक में ही मुंबई के कुछ



डायमंड कारोबारियों ने भी न्यूयॉर्क विजिट की और अपना काम वहाँ स्थापित किया। साठ के दशक में जयपुर के कारोबारियों ने न्यूयॉर्क मे रंगीन रत्नो की सप्लाई प्रारंभ की। मुंबई से भी न्यूयॉर्क को डायमंड सप्लाई की जाने लगी। इससे भारतीय व्यापारियों को न्यूयॉर्क सैटल होने का अवसर मिला। 1970 से न्यूयॉर्क सहित अमेरिका के अन्य शहरों में भी भारतीय व्यापारियों ने डायमंड कारोबार का विस्तार किया। अस्सी के दशक में 250 से अधिक भारतीयों ने अपने



ऑफिसेज अमेरिका में खोल रखे थे। इस तरह कारोबार का फैलाव होने लगा। कारोबारियों की संख्या बढ़ी, तो आपसी प्रतिस्पर्धा भी। अब भारतीय व्यापारियों ने उधार देना भी शुरू कर दिया था। पहले लेनदेन नकद था, लेकिन प्रतिस्पर्धा ने एक माह की उधारी शुरू की, जो सत्तर के दशक में 60 दिन जा पहुंची, अस्सी के दशक में 90-120 दिन और नब्बे के दशक में यह 180 दिन हो गई।

इस समय न्यूयॉर्क में 500 से अधिक भारतीय परिवार डायमंड व कलरस्टोन का काम करते हैं। इनमें से अनेक तो ज्वैलरी कारोबार में भी आ गए हैं। अब तो भारत के हजारों कारोबारी विश्व भर में फैल गए हैं। सामाजिक रूप से इन कारोबारियों का आपस में जुड़ाव है। दीवाली पर गेट-टु-गेदर के कार्यक्रम होते हैं, नई पीढ़ी भी इन सबमें दिलचस्पी रखती है। यहाँ कारोबारी सामाजिक-संगठनों के जरिये सतत् सक्रिय है। यहाँ अनेक चैरिटेबल संस्थान हैं, जैम एंड ज्वैलरी के म्यूजियम और जैन मंदिर भी हैं।

## इंडियन डायमंड एंड कलरस्टोन एसोसिएशन

अस्सी के दशक के प्रारंभ में भारतीय कारोबारियों के दो ग्रुप थे। एक डायमंड व्यापारियों का और दूसरा कलरस्टोन व्यापारियों का। डायमंड व्यापारियों का ग्रुप मुंबई के कारोबारियों का था, उनके साथ गुजरात के कारोबारियों का भी जुड़ाव था।कलरस्टोन ग्रुप में अधिकतर जयपुर के कारोबारी थे। जब मैं कारोबारी रूप से सक्रिय हुआ तो कुछ व्यापारियों को आमंत्रित कर एक असोसिएशन 'इंडियन डायमंड एंड कलरस्टोन असोसिएशन' के नाम से बनाई। इसमें दोनों तरह के कारोबारियों को जोड़ा गया। अब यह असोसिएशन बहुत सक्रिय है, पूरे अमेरिका में इसकी अच्छी साख और पहचान है। इसका अब अपना कार्यालय और स्टाफ है और यह संगठन अनेक गतिविधियां संचालित करता है। तुसान और लॉस वेगास शो में भागीदारी से इसका ग्लोबल ब्रांड भी बना हैं।

**डॉ. रजनीकांत शाह का अनुभव उनके भावपूर्ण शब्दों में प्रस्तुत कर जैमवर्ल्ड को बहुत खुशी है। यह उनकी लेखमाला की चौथी (आखिरी) कड़ी थी।**



आस्कर की जन्मदिन पार्टी में



भारत से आए खरीददार





ब्राजील ग्रुप



drshahstamps.com




nyjaincenter.org




youtu.be/6IADYqM9bWw



ashtapadmahatirth.com

MGJF jaipur

mgjjaipur.com



drshahtemples.com

# ओपल

